04/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में संसद द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक पारित किए जाने को सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास के लिए सरकार की सामूहिक खोज में एक महत्वपूर्ण क्षण बताया है। इस कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधान हैं।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने राज्य के लोगों, विशेषकर गालो समुदाय को मोपिन उत्सव के अवसर पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की है कि यह उत्सव सभी के लिए शांति, समृद्धि और खुशियां लेकर आए। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि मोपिन राज्य के सबसे प्रिय और रंगीन त्योहारों में से एक है, जो गालो जनजाति की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी साझा की है कि, राज्य सरकार द्वारा **“अरुणाचल: बियोंड मिथ्स एण्ड माउंटेन्स”** टैगलाइन के साथ अपने नए पर्यटन लोगो और पोलिसी का अनावरण किया गया है।

उन्होंने कहा कि, यह दूरदर्शी कदम राज्य के पर्यटन को फिर से परिभाषित करेगा, साथ ही समृद्ध संस्कृति, विरासत और परंपराओं को भी प्रदर्शित करेगा, जिससे स्थानीय समुदायों को लाभ पहुंचाने वाला सतत विकास सुनिश्चित होगा।

0000000000000000000

बांदरदेवा पुलिस ने कथित फर्जी फेसबुक अकाउंट के पीछे के व्यक्ति का सफलतापूर्वक पता लगा लिया है जिसने बांदरदेवा घटना में पीड़ित की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाई थी। बीएनएसएस, 2023 की धारा 127/170 के तहत मामला दर्ज किया गया है और कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने उसे एक साल के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक, नाहरलागुन ने जनता से सोशल मीडिया ट्रायल से बचने का आग्रह किया है और इस बात पर जोर दिया है कि बांदरदेवा मामले के बारे में किसी भी प्रासंगिक जानकारी या सबूत वाले व्यक्ति को सीधे जांच दल से संपर्क करना चाहिए।

00000000000000000000

अपर सियांग यिंगकियोंग जिला पुलिस ने आज डीसी कॉफ्रेंस हॉल में उपायुक्त तालो जेरांग की अध्यक्षता में तीसरी जिला स्तरीय नार्को समन्वय (एनसीओआरडी) बैठक आयोजित की। बैठक में डीसी-कम-चैयरमेन एनसीओआरडी तालो जेरांग ने पिछले एनसीओआरडी बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार सदस्यों द्वारा की गई पहल की समीक्षा की और जिले में नशीली दवाओं से संबंधित मामलों पर सभी संवेदनशील स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम को तेज करने पर जोर दिया।

चर्चा के दौरान स्कूलों और संवेदनशील क्षेत्रों में नशा मुक्ति अभियान से निपटने के लिए कदमों को मजबूत करने, जिले भर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के दुष्प्रभावों पर शिक्षकों को उन्मुखीकरण, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, नशीली दवाओं के दुरुपयोग पदार्थों के प्रवाह की सख्त निगरानी और जांच तथा अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाओं को सुव्यवस्थित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

000000000000000000

तवांग क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए, आज जांग में डेजिक्नेटेड माइक्रोस्कोपिक सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अत्याधुनिक डेंटल यूनिट का औपचारिक रूप से उद्‌घाटन किया गया। यह महत्वपूर्ण पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डीएमसी का उद्देश्य डाईग्नॉस्टिक क्षमताओं को बढ़ाना है, विशेष रूप से तपेदिक का शीघ्र पता लगाने जबकि डेंटल यूनिट जांग और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए डेंटल हेल्थ सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करेगी। इस बीच, ग्रामीणों और समुदाय के नेताओं ने अरुणाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा विकास को आगे बढ़ाने में उनके निरंतर समर्थन और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए मुख्यमंत्री पेमा खांडू के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के कामले, लोअर सुबनसिरी, पापुमपारे, वेस्ट सियांग, अपर सुबनसिरी, लोअर सियांग, अपर सियांग, दिबांग वैली, लोहित और तिराप जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने का अनुमान लगाया है।

000000000000000000

विधायक तापी दारांग ने आज पासीघाट के बोसिंग और बोगोंग गांव से 30 गांव बुराह और गांव बुरी के लिए काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के लिए एक एक्सपोजर टूर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस टूर का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण, ग्रामीण और पारिस्थितिकी पर्यटन, सफारी के विभिन्न पहलुओं को सीखना और अनुभव करना तथा काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के संरक्षण प्रयासों में लगे समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करना है।

000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय द्वारा कल विश्वविद्यालय परिसर में **“मल्टिस्टेट इंप्लीमेंटेशन रिसर्च स्टडी ऑन सुईसाइड रिस्क रिडक्शन एण्ड इंप्रुविंग मेंटल वेलबिंग एमोंग स्कूल एण्ड कॉलेज स्टूडेंट्स”** शीर्षक से आईसीएमआर की चल रही परियोजना की परामर्श सह समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य पापुमपारे जिले और आईसीआर में उच्च शिक्षा संस्थानों और स्कूलों में एक वर्ष के कार्यान्वयन के बाद चल रहे शोध अध्ययन की प्रगति की समीक्षा करना था।

0000000000000000000000